**Swami Atmanand Government English Medium Model College, Bilaspur (C.G.) 495001**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

Address: - Old High Court Building, Bilaspur (C.G.), website:– sagemmcbsp.in, E-mail:– sagmmc.bsp@gmail.com

Bilaspur, Date – 26.12.2025

## -// प्रतिवेदन //-

विषय :– स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) वीर बाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन संपन्न किया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, बिलासपुर में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया और देश के श्री गुरू गोविंद सिंह जी के चारों साहबजादों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पण की। कार्यक्रम की शुरुआत वीर बाल शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद, छात्रों ने शहीदों के जीवन और उनके देश के लिए दिए गए बलिदान पर आधारित भाषण, निबंध और कविता पाठ किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की भी प्रस्तुति की गई, जिससे सभी को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण हुआ।

स्वदेश

बिलासपुर संस्करण
27 Dec 2025 | Page - 2

### साहिबजादों के सपनों को पूरा करना हमारा कर्तव्यः अमृतपाल

■ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में हुआ आयोजन

स्वदेश संवाददाता ■ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्र, शिक्षकों और कर्मचारियों ने देश के श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर बाल शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने शहीदों के जीवन और देश के लिए दिए गए बलिदान पर आधारित भाषण, निबंध और कविता पाठ किया।

कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की भी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप उपस्थित सुवाणी दिव्यांग बालक-बालिका विद्यालय की शिक्षिका अमृत पाल कौर ने अपने संबोधन में साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा साहिबजादों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करना होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूके श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा साहिबजादों के आदर्शों को अपनाकर ही हम देश को आगे ले जा सकते हैं। हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करना होगा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.के. सचदेव ने श्री गुरूगोविंद सिंह जी के एवं उनके साहबजादों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए संकल्पित किया। कार्यक्रम पर प्रो. एलके गवेल ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

शहीद वीर बाल दिवस पर प्रेस विज्ञप्ति –01

### साहिबजादों का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक



नईदुनिया न्यूज, बिलासपुर : स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर देश के महान योद्धा श्री गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बलिदानियो के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियो ने साहिबजादों के जीवन, त्याग एवं बलिदान पर आधारित भाषण, निबंध और कविता पाठ प्रस्तुत किया। देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमृत पाल कौर, शिक्षिका, सुवाणी दिव्यांग बालक-बालिका विद्यालय, तोरवा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि साहिबजादों का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभवित का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण मे योगदान देने का आह्वान किया।

शहीद वीर बाल दिवस पर प्रेस विज्ञप्ति –02